| आदेश एवं पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्यवाही |
|---|---|
| 1 | |

# जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का न्यायालय, साहेबगंज।

**अधिहरण वाद संख्या– 33/2021–22**

राज्य सरकार

–बनाम–

रमेश प्रसाद सिंह वगै0

## –: आदेश :–

09.05.2023

प्रस्तुत वाद पुलिस अधीक्षक, साहेबगंज के पत्रांक 5182/अप0शा0, दिनांक 24.10.2021 से राधानगर थाना कांड संख्या 148/2021, दिनांक 25.07.2021 में ट्रैक्टर संख्या (1). JH18G-5370,(2). JH18F-4353, (3). JH17V-3969, (4). JH18J-2093, (5). JH18H-3491, (6). JH18J-0841, (7). JH18J-7274, (8). JH04Q-9229, (9). WB93-2474 एवं (10). JH18H-3491 को लोड बालू सहित राजसात करने हेतु प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर वाद प्रारम्भ करते हुए विपक्षी को नोटिस निर्गत कर कारणपृच्छा का माँग किया गया।

मामला संक्षिप्त में निम्न प्रकार हैः– जिला खनन पदाधिकारी, साहेबगंज, अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल, अंचल अधिकारी, उधवा राधानगर थाना के पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के साथ राधानगर थाना अन्तर्गत अवैध बालू उत्खनन एवं परिवहन का औचक निरीक्षण हेतु दिनांक 25.07.2021 को सुबह करीब 05:00 बजे निकले। राधानगर थाना से करीब 01 किमी दूरी पर पूरब की ओर बरहरवा से राजमहल जाने वाली मुख्य सड़क पर बालू से लदे ट्रैक्टर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल को देखकर वाहन चालक अपना–अपना ट्रैक्टर छोड़ कर भाग गये एवं किसी भी चालक द्वारा परिवहन चालान एवं किसी भी प्रकार का कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। घटन स्थल पर मौजूद उक्त सभी वाहनों को बालू सहित जप्त कर लिया गया। घटना स्थल पर उपस्थित श्री बिक्रम महली, अंचल अधिकारी, उधवा एवं श्री नथई राम, स0अ0नि0, राधानगर थाना के समक्ष विधिवत जप्ती सूची बनाते हुए उक्त सभी वाहनों को जप्त कर लिया गया। जिला खनन पदाधिकारी, साहेबगंज द्वारा अपने पत्रांक 715/एम0, दिनांक 25.07.2021 के माध्यम से ट्रैक्टर संख्या (1). JH18G-5370,(2). JH18F-4353, (3). JH17V-3969, (4). JH18J-2093, (5). JH18H-3491, (6). JH18J-0841, (7). JH18J-7274, (8). JH04Q-9229, (9). WB93-2474 एवं (10). JH18H-3491 के मालिक, चालक, बालू क्रेता एवं विक्रेता के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने हेतु प्रतिवेदित किया गया, जिसके आधार पर कांड अंकित किया गया।

विपक्षी पारूल बसाक के विज्ञ अधिवक्ता द्वारा हाजरी प्राप्त। जिला खनन पदाधिकारी, साहेबगंज द्वारा Royalty जमा प्रतिवेदन प्राप्त। जिन वाहन मालिको के Transport एवं Mining का Royalty जमा नही किया। इतना समय देने के बावजूद भी। उन्हे खनिज सहित राजसात करें।

